**Series SOS/2**

Code No. **67/2/1**
कोड नं.

Roll No.
रोल नं. | | | | | | |

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- Please check that this question paper contains **16** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **23** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **16** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **23** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# ACCOUNTANCY

# लेखाशास्त्र

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

***General Instructions :***

(i) *This question paper contains three parts A, B and C.*

(ii) *Part A is* ***compulsory*** *for all candidates.*

(iii) *Candidates can attempt only* ***one*** *part of the remaining parts B and C.*

(iv) *All parts of the questions should be attempted at one place.*

***सामान्य निर्देश :***

(i) *यह प्रश्न-पत्र तीन भागों में विभक्त है – क, ख और ग ।*

(ii) *भाग क सभी छात्रों के लिए* ***अनिवार्य*** *है ।*

(iii) *परीक्षार्थियों को शेष भाग ख और ग में से कोई* ***एक*** *भाग हल करना है ।*

(iv) *किसी प्रश्न के सभी भागों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखिए ।*

## PART A
## (Accounting for Not-for-Profit Organisations, Partnership Firms and Companies)

## भाग क
## (अलाभकारी संगठनों, साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

**1.** List any two main sources of income of a Not-for-Profit organisation. *1*
एक अलाभकारी संगठन की आय के किन्हीं दो प्रमुख स्रोतों की सूची बनाइए ।

**2.** State the provisions of Partnership Act 1932, in the absence of a partnership deed regarding (i) Interest on Partner's Drawings and (ii) Interest on Advances other than Capital. *1*
साझेदारी संलेख के न होने पर (i) साझेदार के आहरण पर ब्याज तथा (ii) अग्रिम (पूँजी के अतिरिक्त) पर ब्याज के विषय में साझेदारी अधिनियम 1932 के प्रावधान बताइए ।

**3.** Give any one difference between reconstitution of a firm and dissolution of a firm. *1*
एक फर्म के पुनर्गठन तथा फर्म के समापन में कोई एक अन्तर लिखिए ।

**4.** How does the nature of business affect the goodwill of a firm ? *1*
व्यवसाय की प्रकृति किस प्रकार एक फर्म की ख्याति को प्रभावित करती है ?

**5.** Give the meaning of 'Registered Capital' of a company. *1*
एक कम्पनी की 'पंजीकृत पूँजी' का अर्थ दीजिए ।

6. From the following information of a club, show the amounts of Prize awarded and Prize Fund in the Financial Statements of the club for the year ended on 31st March 2009 and 31st March 2010 : 3

| *Details* | *Amount* ₹ |
|---|---|
| Match Expenses | 3,00,000 |
| Match Fund | 1,70,000 |
| Donation for Match Fund | 90,000 |
| Sale of Match Tickets | 25,000 |

निम्नलिखित सूचना से एक क्लब के 31 मार्च 2009 तथा 31 मार्च 2010 को समाप्त होने वाले वर्षों की पुरस्कार वितरण तथा पुरस्कार कोष की राशि को वित्तीय विवरणों में दर्शाइए :

| *विवरण* | *राशि* ₹ |
|---|---|
| मैच व्यय | 3,00,000 |
| मैच निधि | 1,70,000 |
| मैच निधि के लिए दान | 90,000 |
| मैच टिकटों का विक्रय | 25,000 |

7. Jain Ltd. purchased machinery ₹ 10,00,000 from Ayer Ltd. 50% of the payment was made by cheque and for the remaining 50% the company issued Equity shares of ₹ 100 each at a premium of 25%.

Pass necessary journal entries in the books of Jain Ltd. for the above transactions. 3

जैन लि. ने अय्यर लि. से ₹ 10,00,000 की मशीनरी क्रय की । 50% का भुगतान चैक द्वारा किया गया तथा शेष 50% का भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के समता अंश, जिन्हें 25% के प्रीमियम पर निर्गमित किया गया था, के द्वारा किया गया ।

उपरोक्त लेनदेनों के लिए जैन लि. की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

8. P Ltd. redeemed its 360, 9% Debentures of ₹ 100 each, which were issued at a premium of 5%, by converting into Equity shares of ₹ 10 each, issued at a discount of 10%. Pass the necessary journal entries in the books of P Ltd. for the redemption of debentures. 3

पी. लि. ने ₹ 100 प्रत्येक के अपने 360, 9% ऋणपत्रों, जिन्हें 5% के प्रीमियम पर निर्गमित किया गया था, का शोधन ₹ 10 प्रत्येक के समता अंशों, जिन्हें 10% के बट्टे पर निर्गमित किया गया, में परिवर्तित करके किया । ऋणपत्रों के शोधन के लिए पी. लि. की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

9. Ram and Shyam were partners in a firm. After crediting the profits of the year ₹ 2,00,000 in their Capital Accounts, the balances of their capital were Ram ₹ 4,00,000 and Shyam ₹ 3,00,000. During the year Ram withdrew ₹ 80,000 and Shyam ₹ 1,00,000. It was found that interest on Capital and Drawings @ 10% p.a. as provided in the partnership agreement had not been allowed and charged to the partners capital accounts. Pass the necessary adjustment entry. *4*

राम तथा श्याम एक फर्म में साझेदार थे । वर्ष का लाभ ₹ 2,00,000 उनकी पूँजी खातों में क्रेडिट करने के पश्चात् उनके पूँजी खातों के शेष राम ₹ 4,00,000 तथा श्याम ₹ 3,00,000 थे । वर्ष के दौरान राम ने ₹ 80,000 तथा श्याम ने ₹ 1,00,000 का आहरण किया । यह ज्ञात हुआ कि साझेदारी संलेख में निर्धारित पूँजी तथा आहरण पर 10% प्रति वर्ष ब्याज साझेदारों के पूँजी खातों में न जमा किया गया और न नाम किया गया । आवश्यक समायोजन प्रविष्टि कीजिए ।

10. J and K are partners in a firm. Their capitals are J ₹ 3,00,000 and K ₹ 2,00,000. During the year ended 31.3.2010 the firm earned a profit of ₹ 1,50,000. Assuming that the normal rate of return is 20%, calculate the value of goodwill of the firm : *4*

(i) By capitalisation method and

(ii) By super profit method if the goodwill is valued at 2 years purchase of super profits.

जे. तथा के. एक फर्म के साझेदार हैं । उनकी पूँजी निम्न है : जे. ₹ 3,00,000 तथा के. ₹ 2,00,000. 31.3.2010 को समाप्त हुए वर्ष में फर्म ने ₹ 1,50,000 का लाभ कमाया । यह मानते हुए कि लाभ की सामान्य दर 20% है, फर्म की ख्याति की गणना कीजिए :

(i) पूँजीकरण विधि द्वारा तथा

(ii) अधिलाभ विधि द्वारा यदि ख्याति का मूल्यांकन अधिलाभ के दो वर्षों के क्रय के आधार पर किया जाता है ।

11. Pass the necessary journal entries for the issue and redemption of Debentures in the following cases : *4*

(i) 15,000, 10% Debentures of ₹ 100 each issued at 10% premium, repayable at par.

(ii) 6,00,000, 12% Debentures of ₹ 500 each issued at 5% premium, repayable at 10% premium.

निम्नलिखित ऋणपत्रों के निर्गमन एवं शोधन के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) 15,000, 10% ऋणपत्र ₹ 100 प्रत्येक का निर्गमन 10% प्रीमियम पर हुआ, जो सममूल्य पर देय थे ।

(ii) 6,00,000, 12% ऋणपत्र ₹ 500 प्रत्येक का निर्गमन 5% प्रीमियम पर हुआ, जो 10% प्रीमियम पर देय थे ।

**12.** From the following items of Receipt & Payment A/c of Bharti Club for the year ended 31.3.2010, prepare an Income and Expenditure Account : 6

| | ₹ |
|---|---|
| Salaries paid | 1,50,000 |
| Lighting expenses | 15,000 |
| Stationery | 13,500 |
| Subscriptions received (including ₹ 2,000 received in advance and ₹ 8,000 for the previous year) | 1,40,000 |
| Net proceeds of Refreshment Room | 91,000 |
| Miscellaneous Expenses | 24,000 |
| Half year's interest paid on loan | 2,400 |
| Rent and Rates (including ₹ 1,500 pre-paid) | 15,000 |
| Lockers Rent received | 6,700 |

*Additional Information* :

Subscriptions in arrears on 31.3.2010 were ₹ 9,000 and half year's interest on loan was also outstanding.

31.3.2010 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भारती क्लब के निम्नलिखित प्राप्ति एवं भुगतान खाते की मदों से आय तथा व्यय खाता तैयार कीजिए :

| | ₹ |
|---|---|
| वेतन भुगतान | 1,50,000 |
| प्रकाश व्यय | 15,000 |
| स्टेशनरी | 13,500 |
| चन्दा प्राप्त हुआ (₹ 2,000 अग्रिम तथा ₹ 8,000 पिछले वर्ष के लिए सम्मिलित) | 1,40,000 |
| जलपान गृह से शुद्ध प्राप्ति | 91,000 |
| विविध व्यय | 24,000 |
| ऋण पर आधे वर्ष के ब्याज का भुगतान किया | 2,400 |
| किराया तथा दरें (₹ 1,500 अग्रिम भुगतान सहित) | 15,000 |
| लॉकर किराया प्राप्ति | 6,700 |

*अतिरिक्त सूचना :*

31.3.2010 को अप्राप्त चन्दा ₹ 9,000 था तथा ऋण पर आधे वर्ष का ब्याज भी देय था ।

**13.** Pass the necessary journal entries for the following transactions on the dissolution of the firm of R and L after the various assets (other than cash) and outside liabilities have been transferred to Realisation Account : *6*

(i) R paid creditors ₹ 17,000 in full settlement of their claim of ₹ 20,000.

(ii) L agreed to pay his wife's loan ₹ 70,000.

(iii) Stock ₹ 40,000 was taken over by R for ₹ 39,000.

(iv) Other assets realised ₹ 39,000.

(v) Expenses of realisation ₹ 4,900 were paid by L.

(vi) Loss on dissolution ₹ 9,000 was divided between R and L in the ratio of 3 : 1.

विविध सम्पत्तियों (रोकड़ के अतिरिक्त) तथा बाह्य देयताओं को वसूली खाते में स्थानांतरित करने के पश्चात् आर. तथा एल. की फर्म के विघटन के समय निम्नलिखित लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) आर. ने ₹ 20,000 के लेनदारों के दावे के पूर्ण भुगतान स्वरूप ₹ 17,000 का भुगतान किया ।

(ii) एल. ने अपनी पत्नी का ऋण ₹ 70,000 का भुगतान करने की सहमति दी ।

(iii) आर. ने ₹ 40,000 के स्टॉक को ₹ 39,000 में ले लिया ।

(iv) अन्य सम्पत्तियों से ₹ 39,000 प्राप्त हुए ।

(v) ₹ 4,900 वसूली खर्चों का भुगतान एल. ने किया ।

(vi) समापन पर ₹ 9,000 की हानि का विभाजन आर. तथा एल. में 3 : 1 के अनुपात में किया गया ।

**14.** On 1.1.2007 a Public Limited Company issued 5,000, 10% Debentures of ₹ 100 each at par which were repayable at a Premium of 10% on 31.12.2011. On the date of maturity, company decided to redeem the above mentioned 10% Debentures as per the terms of issue, out of profits. The Profit and Loss A/c shows a credit balance of ₹ 6,00,000 on this date. The offer was accepted by all the Debenture-holders and all the Debentures were redeemed.

Pass the necessary journal entries in the books of the Company only for the redemption of Debentures, if the Company follows Sec. 117 C of the Companies Act. *6*

13. Pass the necessary journal entries for the following transactions on the dissolution of the firm of R and L after the various assets (other than cash) and outside liabilities have been transferred to Realisation Account : 6

(i) R paid creditors ₹ 17,000 in full settlement of their claim of ₹ 20,000.

(ii) L agreed to pay his wife's loan ₹ 70,000.

(iii) Stock ₹ 40,000 was taken over by R for ₹ 39,000.

(iv) Other assets realised ₹ 39,000.

(v) Expenses of realisation ₹ 4,900 were paid by L.

(vi) Loss on dissolution ₹ 9,000 was divided between R and L in the ratio of 3 : 1.

विविध सम्पत्तियों (रोकड़ के अतिरिक्त) तथा बाह्य देयताओं को वसूली खाते में स्थानांतरित करने के पश्चात् आर. तथा एल. की फर्म के विघटन के समय निम्नलिखित लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) आर. ने ₹ 20,000 के लेनदारों के दावे के पूर्ण भुगतान स्वरूप ₹ 17,000 का भुगतान किया ।

(ii) एल. ने अपनी पत्नी का ऋण ₹ 70,000 का भुगतान करने की सहमति दी ।

(iii) आर. ने ₹ 40,000 के स्टॉक को ₹ 39,000 में ले लिया ।

(iv) अन्य सम्पत्तियों से ₹ 39,000 प्राप्त हुए ।

(v) ₹ 4,900 वसूली खर्चों का भुगतान एल. ने किया ।

(vi) समापन पर ₹ 9,000 की हानि का विभाजन आर. तथा एल. में 3 : 1 के अनुपात में किया गया ।

14. On 1.1.2007 a Public Limited Company issued 5,000, 10% Debentures of ₹ 100 each at par which were repayable at a Premium of 10% on 31.12.2011. On the date of maturity, company decided to redeem the above mentioned 10% Debentures as per the terms of issue, out of profits. The Profit and Loss A/c shows a credit balance of ₹ 6,00,000 on this date. The offer was accepted by all the Debenture-holders and all the Debentures were redeemed.

Pass the necessary journal entries in the books of the Company only for the redemption of Debentures, if the Company follows Sec. 117 C of the Companies Act. 6

1.1.2007 को एक सार्वजनिक लिमिटेड कम्पनी ने 5,000, 10% ऋणपत्रों का, जो ₹ 100 प्रत्येक के थे, निर्गमन सममूल्य पर किया, जिनका शोधन 31.12.2011 को 10% प्रीमियम पर होना था। शोधन तिथि की परिपक्वता पर कम्पनी ने उपर्युक्त 10% ऋणपत्रों का निर्गमन की शर्तों के अनुसार लाभों में से शोधन करने का निर्णय लिया। उस दिन कम्पनी के लाभ-हानि खाते में जमा शेष ₹ 6,00,000 था। प्रस्ताव को सभी ऋणपत्र-धारियों ने स्वीकार कर लिया तथा सभी ऋणपत्रों का शोधन कर दिया गया।

कम्पनी की पुस्तकों में केवल ऋणपत्रों के शोधन की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए, यदि कम्पनी द्वारा कम्पनी अधिनियम की धारा 117 सी. का अनुसरण किया जाता है।

**15.** Hema Ltd. invited applications for issuing 30,000 Equity shares of ₹ 100 each at a premium of ₹ 20 each. The amount was payable as follows :

On Application and Allotment ₹ 40 (including premium ₹ 10) per share

On First Call ₹ 50 (including premium ₹ 10) per share

On Second and Final Call — Balance

Applications for 75,000 shares were received. Applications for 15,000 shares were rejected and the money received from them was refunded. Shares were allotted on pro-rata basis to the remaining applicants. All calls were made. A who had applied for 2,000 shares failed to pay the first call and second and final call on the shares allotted to him. B who was allotted 1,000 shares failed to pay the second and final call. The shares of both A and B were forfeited. The forfeited shares were re-issued at ₹ 160 fully paid.

Pass necessary journal entries in the books of the company for the above transactions. *8*

**OR**

Shakti Ltd. invited applications for issuing 1,00,000 Equity shares of ₹ 10 each. The amount was payable as follows :

On Application ₹ 3 per share

On Allotment ₹ 2 per share

On First and Final Call ₹ 5 per share

Applications were received for 2,20,000 shares. Applications for 20,000 shares were rejected and their application money was refunded. Shares were allotted to the remaining applicants as follows :

(i) Allotted 50% shares to Raman who had applied for 40,000 shares.

(ii) To allot in full to Akbar who had applied for 20,000 shares.

(iii) To allot balance of the shares on pro-rata basis to the other applicants.

Excess application money was utilized in payment of allotment and final call. All calls were made and were duly received except the first and final call on 600 shares allotted to an applicant in III category. His shares were forfeited. The forfeited shares were re-issued for ₹ 9 per share fully paid up.

Pass necessary journal entries in the books of Shakti Ltd. for the above transactions.

हेमा लि. ने ₹ 100 प्रत्येक के 30,000 समता अंशों को ₹ 20 प्रति अंश के प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए । राशि का भुगतान निम्न प्रकार से करना था :

आवेदन तथा आबंटन पर ₹ 40 (₹ 10 प्रीमियम सहित) प्रति अंश

प्रथम याचना पर ₹ 50 (₹ 10 प्रीमियम सहित) प्रति अंश

दूसरी तथा अन्तिम याचना पर — शेष

75,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । 15,000 अंशों के लिए आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा इन आवेदनों के साथ प्राप्त धनराशि को वापस कर दिया गया । शेष आवेदकों को आनुपातिक आधार पर अंशों का आबंटन किया गया । सभी याचनाएँ माँग ली गईं । क जिसने 2,000 अंशों के लिए आवेदन किया था वह आबंटित अंशों पर प्रथम याचना एवं दूसरी तथा अंतिम याचना का भुगतान नहीं कर सका । ख, जिसे 1,000 अंशों का आबंटन किया गया था, ने दूसरी तथा अन्तिम याचना का भुगतान नहीं किया । क तथा ख दोनों के अंशों को ज़ब्त कर लिया गया । ज़ब्त किए गए अंशों का ₹ 160 प्रति अंश की दर से पूर्ण प्रदत्त पुनः निर्गमन कर दिया गया ।

उपरोक्त लेनदेनों के लिए कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

**अथवा**

शक्ति लि. ने ₹ 10 प्रत्येक के 1,00,000 समता अंशों के निर्गमन के लिए आवेदन आमंत्रित किए । राशि का भुगतान निम्न प्रकार से करना था :

आवेदन पर ₹ 3 प्रति अंश

आबंटन पर ₹ 2 प्रति अंश

प्रथम तथा अन्तिम याचना पर ₹ 5 प्रति अंश

2,20,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । 20,000 अंशों के लिए आवेदनों को रद्द कर दिया तथा उनकी आवेदन राशि वापस कर दी गई । शेष आवेदकों को अंशों का आबंटन निम्न प्रकार से किया गया :

(i) रमन को 50% अंशों का आबंटन किया गया, उसने 40,000 अंशों के लिए आवेदन किया था ।

(ii) अकबर को सभी आवेदित अंशों का आबंटन किया गया, उसने 20,000 अंशों के लिए आवेदन किया था ।

(iii) शेष अंशों को आनुपातिक आधार पर अन्य आवेदकों को आबंटित किया गया ।

अतिरिक्त आवेदन राशि का उपयोग आबंटन राशि तथा अन्तिम याचना राशि के भुगतान के लिए किया गया । सभी याचनाएँ माँग ली गईं तथा III श्रेणी के एक आवेदक को छोड़कर, जिसे 600 अंशों का आबंटन किया गया था, सभी प्राप्त हो गईं । उस आवेदक ने प्रथम तथा अन्तिम याचना का भुगतान नहीं किया । उसके अंशों को ज़ब्त कर लिया गया । ज़ब्त किए गए अंशों को ₹ 9 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुनः निर्गमित कर दिया गया ।

उपरोक्त लेनदेनों के लिए शक्ति लि. की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

**16.** S and T were partners in a firm sharing profits in the ratio of 7 : 3. Their Balance Sheet on 31.3.2010 was as follows :

| Liabilities | Amount ₹ | Assets | | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|
| Creditors | 40,000 | Bank | | 36,000 |
| Bank overdraft | 20,000 | Debtors | 46,000 | |
| General Reserve | 10,000 | Less Provision | 2,000 | 44,000 |
| Capital Accounts : | | Stock | | 50,000 |
| S 50,000 | | Machinery | | 30,000 |
| T 40,000 | 90,000 | | | |
| | 1,60,000 | | | 1,60,000 |

On 1st April, 2010 they admitted R as a new partner for 1/4th share in profits on the following terms :

(i) R will bring ₹ 30,000 for his capital and ₹ 10,000 for goodwill premium.

(ii) 20% of general reserve will be transferred to provision for bad and doubtful debts.

(iii) Stock and Machinery will be depreciated by 40%.

(iv) Capital accounts of S and T will be adjusted on the basis of R's capital, for this purpose actual cash will be brought in or paid off to S and T as the case may be.

Prepare Revaluation Account, Partners Capital Accounts and Balance Sheet of the firm. *8*

**OR**

A, B and C were partners in a firm sharing profits in the ratio of 2 : 1 : 1. Their Balance Sheet as on 31.3.2010 was as follows :

| Liabilities | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|
| Capital Accounts : | | Furniture | 9,000 |
| A 10,000 | | Stock | 4,000 |
| B 5,000 | | Debtors | 6,000 |
| C 5,000 | 20,000 | Bills Receivable | 2,000 |
| General Reserve | 3,200 | Cash at Bank | 5,000 |
| Creditors | 3,000 | Cash in hand | 200 |
| | 26,200 | | 26,200 |

On 30.6.2010 C died. Under the provisions of partnership deed the executors of a deceased partner were entitled to the following :

(i) Amount standing to the credit of partners capital account.

(ii) Interest on capital @ 5% p.a.

(iii) Share of goodwill on the basis of two years purchase of the average profits of last three years.

(iv) Share of profit in the year of his death, till the date of his death on the basis of the last year's profit.

The profits of the firm during the previous three years were as follows :

| Year | Profit ₹ |
|---|---|
| 2007 – 2008 | 5,000 |
| 2008 – 2009 | 9,000 |
| 2009 – 2010 | 7,000 |

C's executors were paid ₹ 1,800 on 1.7.2010 and the balance in three equal instalments of equal intervals of 6 months starting from 31.12.2010 with interest @ 10% per annum.

Pass necessary journal entries, at the time of C's death, prepare C's Capital Account and C's Executor's Account upto 31.12.2010.

एस. तथा टी. एक फर्म में साझेदार थे तथा 7 : 3 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 31.3.2010 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

| देयताएँ | | राशि ₹ | सम्पत्तियाँ | | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 40,000 | बैंक | | 36,000 |
| बैंक अधिविकर्ष | | 20,000 | देनदार | 46,000 | |
| सामान्य संचय | | 10,000 | घटा प्रावधान | 2,000 | 44,000 |
| पूँजी खाते : | | | स्टॉक | | 50,000 |
| एस. | 50,000 | | मशीनरी | | 30,000 |
| टी. | 40,000 | 90,000 | | | |
| | | 1,60,000 | | | 1,60,000 |

1 अप्रैल, 2010 को उन्होंने लाभ के 1/4 भाग के लिए आर. को निम्न शर्तों पर एक नया साझेदार बनाया :

(i) आर. ₹ 30,000 अपनी पूँजी के लिए तथा ₹ 10,000 ख्याति प्रीमियम के लिए लाएगा ।

(ii) सामान्य संचय का 20% डूबत ऋणों के लिए प्रावधान में स्थानांतरित किया जाएगा ।

(iii) स्टॉक तथा मशीनरी पर 40% का मूल्यह्रास लगाया जाएगा ।

(iv) एस. तथा टी. के पूँजी खातों को आर. की पूँजी के आधार पर समायोजित किया जाएगा, स्थिति अनुसार इसके लिए एस. तथा टी. ज़रूरी रोकड़ लाएँगे या उन्हें वापस कर दिया जाएगा ।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा नई फर्म का स्थिति विवरण बनाइए ।

**अथवा**

क, ख तथा ग एक फर्म में साझेदार थे तथा 2 : 1 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 31.3.2010 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

| देयताएँ | | राशि ₹ | सम्पत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|
| पूँजी खाते : | | | फर्नीचर | 9,000 |
| क | 10,000 | | स्टॉक | 4,000 |
| ख | 5,000 | | देनदार | 6,000 |
| ग | 5,000 | 20,000 | प्राप्य बिल | 2,000 |
| सामान्य संचय | | 3,200 | रोकड़ बैंक में | 5,000 |
| लेनदार | | 3,000 | रोकड़ हस्ते | 200 |
| | | 26,200 | | 26,200 |

30.6.2010 को ग का देहान्त हो गया । साझेदारी संलेख के प्रावधानों के अनुसार मृतक साझेदार के निष्पादकों को निम्न देय था :

(i) साझेदार के पूँजी खाते का शेष ।

(ii) पूँजी पर 5% प्रति वर्ष की दर से ब्याज ।

(iii) ख्याति में उसका भाग पिछले तीन वर्षों के औसत लाभ के दो गुणा के आधार पर ।

(iv) मृत्यु के वर्ष में उसकी मृत्यु की तिथि तक उसका लाभ का अंश, पिछले वर्ष के लाभ के आधार पर ।

पिछले तीन वर्षों में फर्म का लाभ निम्न प्रकार था :

| वर्ष | लाभ ₹ |
|---|---|
| 2007 – 2008 | 5,000 |
| 2008 – 2009 | 9,000 |
| 2009 – 2010 | 7,000 |

ग के निष्पादकों को 1.7.2010 को ₹ 1,800 का भुगतान कर दिया गया तथा शेष का भुगतान तीन बराबर की अर्द्ध-वार्षिक किश्तों में 10% वार्षिक ब्याज सहित 31.12.2010 से शुरू करके किया जाएगा ।

ग की मृत्यु के समय आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए, ग का पूँजी खाता बनाइए एवं ग के निष्पादक का खाता 31.12.2010 तक तैयार कीजिए ।

## PART B

## (Financial Statements Analysis)

## भाग ख

## (वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

**17.** State the interest of trade unions in the analysis of financial statements. *1*

वित्तीय विवरणों के विश्लेषण में श्रमिक संघों के हित को बताइए ।

**18.** State with reason whether the withdrawal of cash from bank for office use will result into inflow, outflow or no flow of cash. *1*

कारण सहित बताइए कि क्या बैंक से कार्यालय उपयोग के लिए रोकड़ के निकालने से रोकड़ का अन्तर्प्रवाह, बाह्य प्रवाह अथवा कोई प्रवाह नहीं होगा ।

**19.** State any two objectives of preparing a 'Cash Flow Statement'. *1*

'रोकड़ प्रवाह विवरण' बनाने के कोई दो उद्देश्य बताइए ।

**20.** With the help of the following information obtained from the books of Raj Silk Mills prepare a Comparative Income Statement for the year ended 31.3.2010 : *3*

| | 31.3.2009 | 31.3.2010 |
|---|---|---|
| Sales | 200% of cost of goods sold | 300% of cost of goods sold |
| Cost of goods sold | ₹ 10,00,000 | ₹ 12,00,000 |
| Operating expenses | 10% of cost of goods sold | 20% of cost of goods sold |
| Tax | 50% | 50% |

राज सिल्क मिल्स की पुस्तकों से प्राप्त निम्नलिखित आँकड़ों की सहायता से 31.3.2010 को समाप्त हुए वर्ष के लिए एक तुलनात्मक आय विवरण बनाइए :

| | 31.3.2009 | 31.3.2010 |
|---|---|---|
| विक्रय | बेचे गए माल की लागत के 200% के बराबर | बेचे गए माल की लागत के 300% के बराबर |
| बेचे गए माल की लागत | ₹ 10,00,000 | ₹ 12,00,000 |
| प्रचालन व्यय | बेचे गए माल की लागत का 10% | बेचे गए माल की लागत का 20% |
| कर | 50% | 50% |

**21.** Calculate Current Ratio of a company from the following information : *4*

Stock Turnover Ratio : 4 times

Stock in the beginning was ₹ 20,000 less than stock at the end.

Sales ₹ 6,00,000

Gross Profit Ratio 25%

Current Liabilities ₹ 60,000

Quick Ratio 0·75 : 1

निम्नलिखित सूचना से एक कम्पनी के चालू अनुपात की गणना कीजिए :

स्टॉक आवर्त अनुपात : 4 गुणा

आरम्भिक स्टॉक, अन्तिम स्टॉक से ₹ 20,000 कम था ।

विक्रय ₹ 6,00,000

सकल लाभ अनुपात 25%

चालू देयताएँ ₹ 60,000

तरलता अनुपात 0·75 : 1

22. State under which major headings the following items will be shown in the Balance Sheet of a company as per Schedule VI Part I of the Companies Act 1956 : *4*

Interest accrued on investments; Bills receivables; Proposed dividend; Unclaimed dividend; Work-in-progress; Bills payable; Stores and spare parts; Provident fund.

कम्पनी अधिनियम 1956 की सूची VI भाग I के अनुसार कम्पनी के स्थिति विवरण में निम्नलिखित मदें किन-किन मुख्य शीर्षकों के अन्तर्गत दर्शायी जाएँगी :

निवेशों पर प्रोद्भूत (उपार्जित) ब्याज; प्राप्य बिल; प्रस्तावित लाभांश; बिना दावा लाभांश; कार्य प्रगति पर; देय बिल; सामग्री तथा अतिरिक्त पुर्जे; भविष्य निधि ।

23. From the following Balance Sheets of Varun Ltd. as on 31.3.2009 and 31.3.2010, prepare a 'Cash Flow Statement' : *6*

| Liabilities | 31.3.2009 ₹ | 31.3.2010 ₹ | Assets | 31.3.2009 ₹ | 31.3.2010 ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| Creditors | 50,000 | 45,000 | Cash | 35,000 | 75,000 |
| Bills Payable | 20,000 | 35,000 | Debtors | 98,000 | 90,000 |
| Bank Loan | — | 20,000 | Stock | 87,000 | 1,20,000 |
| Profit and Loss A/c | 60,000 | 75,000 | Long term investments | 15,000 | 10,000 |
| Share Capital | 1,25,000 | 1,50,000 | Fixed assets | 20,000 | 30,000 |
| | 2,55,000 | 3,25,000 | | 2,55,000 | 3,25,000 |

*Additional Information :*

(i) During the year ₹ 15,000 depreciation was charged on fixed assets.

(ii) Company has paid ₹ 12,000 interim dividend during the year.

31.3.2009 तथा 31.3.2010 को वरुण लि. के निम्नलिखित स्थिति विवरणों से 'रोकड़ प्रवाह विवरण' बनाइए :

| देयताएँ | 31.3.2009 ₹ | 31.3.2010 ₹ | सम्पत्तियाँ | 31.3.2009 ₹ | 31.3.2010 ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदार | 50,000 | 45,000 | रोकड़ | 35,000 | 75,000 |
| देय बिल | 20,000 | 35,000 | देनदार | 98,000 | 90,000 |
| बैंक ऋण | — | 20,000 | स्टॉक | 87,000 | 1,20,000 |
| लाभ-हानि खाता | 60,000 | 75,000 | दीर्घकाल निवेश | 15,000 | 10,000 |
| अंश पूँजी | 1,25,000 | 1,50,000 | स्थायी सम्पत्तियाँ | 20,000 | 30,000 |
| | 2,55,000 | 3,25,000 | | 2,55,000 | 3,25,000 |

*अतिरिक्त सूचना :*

(i) वर्ष में स्थायी सम्पत्तियों पर ₹ 15,000 मूल्यह्रास लगाया गया ।

(ii) कम्पनी ने वर्ष के दौरान ₹ 12,000 का अन्तरिम लाभांश भुगतान किया हुआ है ।

## PART C
## (Computerised Accounting)
## भाग ग
## (अभिकलित्र लेखांकन)

**17.** What are block codes ? *1*

प्रखण्ड नियमावलियाँ क्या हैं ?

**18.** What is data validation ? *1*

आँकड़े (डाटा) वैधीकरण क्या है ?

**19.** What is a 'report' in DBMS ? *2*

डी.बी.एम.एस. में 'प्रतिवेदन' क्या है ?

**20.** What is a join line in DBMS ? *3*

डी.बी.एम.एस. में जोड़ रेखा किसे कहते हैं ?

**21.** List the advantages of DBMS. *3*

डी.बी.एम.एस. के लाभों को सूचीबद्ध कीजिए ।

**22.** What are the limitations of Computerised Accounting System ? *4*

अभिकलित्र लेखांकन प्रणाली की सीमाएँ क्या हैं ?

**23.** Calculate the formula on Excel for the following : *3×2=6*

**Dearness Allowance**

45% on basic pay upto ₹ 15,000, minimum ₹ 5,000

35% on basic pay above ₹ 15,000, minimum ₹ 7,500

**House Rent Allowance**

| | | |
|---|---|---|
| Upto basic pay of ₹ 10,000 | : | ₹ 3,500 |
| ₹ 10,001 – ₹ 15,000 basic pay | : | ₹ 7,500 |
| Above ₹ 15,000 basic pay | : | ₹ 10,000 |

**City Compensatory Allowance :**

10% of basic pay subject to a minimum of ₹ 1,500

निम्नलिखित के लिए एक्सेल पर फॉर्मूले की गणना कीजिए :

**महँगाई भत्ता**

₹ 15,000 तक के मूल वेतन पर 45%, न्यूनतम ₹ 5,000

₹ 15,000 से अधिक के मूल वेतन पर 35%, न्यूनतम ₹ 7,500

**मकान किराया भत्ता**

| | | |
|---|---|---|
| ₹ 10,000 तक के मूल वेतन के लिए | : | ₹ 3,500 |
| ₹ 10,001 – ₹ 15,000 तक के मूल वेतन के लिए | : | ₹ 7,500 |
| ₹ 15,000 से अधिक के मूल वेतन के लिए | : | ₹ 10,000 |

**नगर क्षतिपूर्ति भत्ता :**

मूल वेतन का 10%, न्यूनतम ₹ 1,500